जिलास्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ

युवाओं से कला-संस्कृति सहेजने की अपील

शिवहर। जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय शिवहर के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय गांधी भवन में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का अत्यंत भव्य एवं उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर तथा आसमान में रंग-बिरंगे बैलून उड़ाकर किया गया, जो शांति, उल्लास और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा। इस गरिमामयी समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन शिवहर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, उपाधीक्षक (शारीरिक शिक्षा) एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, शिवहर द्वारा किया गया। अतिथियों के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर आयोजन समिति द्वारा उनका भव्य और पारंपरिक स्वागत किया गया। ?उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शिवहर के पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित युवाओं और कलाकारों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारी समृद्ध कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सही दिशा और एक सकारात्मक मंच प्रदान करते हैं। इससे पूर्व, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने मंचासीन अतिथियों, निर्णायकों एवं जिले के विभिन्न कोनों से आए प्रतिभावान युवा प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने युवा उत्सव के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आयोजन युवाओं को अपनी विधाओं का प्रदर्शन करने के लिए एक उत्कृष्ट और निष्पक्ष मंच प्रदान करता है। इसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को जिला स्तर से निकालकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना है। ज्ञात हो कि इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में गायन, वादन, नृत्य, नाटक, चित्रकला और वक्तृत्व कला जैसी विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें जिले भर के सैकड़ों युवा कलाकार पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस जिला स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शिवहर जिले का गौरव बढ़ाएंगे। ?समारोह के सफल आयोजन को लेकर गांधी भवन परिसर में स्थानीय प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पूरा परिसर कला, संस्कृति और युवा जोश से सराबोर नजर आ रहा है।



युवक को गोली मारकर किया जख्मी

बथनाहा (सीतामढ़ी)। बथनाहा थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में मठ के समीप अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जख्मी युवक की पहचान विशनपुर गांव निवासी गगन दास के पुत्र अभिनाष कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बथनाहा थाना प्रभारी रूपेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। वहीं, सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी आशीष आनंद भी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके अलावा एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बताया जा रहा है कि घटना के बाद बदमाश घटनास्थल पर एक अपाची बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। गोली लगने से जख्मी युवक को इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक का अपराधिक इतिहास रहा है। मौके से पुलिस ने बाइक बरामद की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

शिवहर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पटना के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवहर संजय अग्रवाल के नेतृत्व एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवहर ललन कुमार राजक के निर्देशन में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत श्री नवाब हाई स्कूल, शिवहर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय मेरा बचपन, मेरा अधिकार था। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा बाल विवाह एवं बाल शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवहर संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महेश शुक्ला, पॉक्सो अधिनियम से संबंधित अनन्य विशेष न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दीपांजन मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवहर के सचिव ललन कुमार राजक तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा प्रसाद यादव उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय अग्रवाल ने बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें भयमुक्त, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, विकास और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना परिवार, विद्यालय, प्रशासन एवं पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो अधिनियम दीपांजन मिश्रा ने बच्चों के विरुद्ध होने वाले लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध कानूनी संरक्षण की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विश्वसनीय व्यक्ति और संबंधित प्राधिकार से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महेश शुक्ला ने बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता, कानून के पालन तथा बच्चों के सुरक्षित भविष्य के निर्माण में समाज की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा प्रसाद यादव ने की। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अदिथि कवच परियोजना के कंसल्टेंट विशेष मुकुंद कुमार चौधरी ने किया।

गाढ़ा थानाध्यक्ष पर कारवाई की मांग

सीतामढ़ी। जिले के गाढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत धकजरी गांव निवासी रोशन कुमार ठाकुर ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर को आवेदन देकर गाढ़ा थानाध्यक्ष सोनी कुमारी पर कार्वाई करने की मांग की है। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को बताया की जमीनी संबंधी विवाद न्यायालय में चल रहा है। इस जमीन पर हमारा कब्जा भी है। प्रतिद्वंदी हमसे जबरदस्ती 10 लाख रूपये रंगदारी के तौर पर रूपये मांग रहे है नहीं तो जबरदस्ती हमारा मकान तोड़वाना चाहते है। जिसका हमने विरोध किया, तो आपके अधीनस्थ थाना अध्यक्ष सोनी कुमारी को एक मोटी रकम देकरके सोनी कुमारी से हमारा मानसीक टॉर्चर करवाया जा रहा है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि अगर हमें और हमारे परिवार का किसी कारण वश मृत्यु होती है तो इसका सारा श्रेय थानाध्यक्ष सोनी कुमारी का होगा। कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। न्यायालय का जो निर्णय होगा वह मुझे और मेरे परिवार को स्वीकार है।

पुनौरा धाम मंदिर निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

सीतामढ़ी। पुनौरा धाम मंदिर एवं परिसर के समग्र विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया ने आज मंदिर परिसर स्थित सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रीगा विधायक बैद्यनाथ प्रसाद भी उपस्थित थे। बैठक में मंदिर निर्माण सहित परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। निर्माण एजेंसी अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कार्यों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी, निर्माण सामग्री एवं उपकरणों के साथ अस्थायी निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सड़क नेटवर्क, संपर्क मार्ग तथा परिसर से जुड़े अन्य आधारभूत कार्यों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने परियोजना को सरकार की प्राथमिकता वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में बताते हुए निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी एवं प्रगति में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। मंदिर परिसर में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं बुडको के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जलजमाव की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर के विकास से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

मनियारी में वासंतिक कृषि जन चौपाल संपन्न, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान

सुप्पी। पंचायत कृषि कार्यालय मनियारी में वासंतिक खरीफ कृषि जन चौपाल कार्यक्रम 2026- 27 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कृषि समन्वयक विकास कुमार ने चौपाल के परिचय एवं महत्व पर प्रकाश डाला। जबकि सहायक तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) अनिल कुमार साह ने उद्देश्यों पर विस्तार से बताया। किसान सलाहकार संजीव रंजनने खेत बचाओ अभियान के तहत प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग और फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष श्री ध्रुव नारायण सिंह ने की। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष नागेन्द्र राय भोलानाथ झा राजेश कुमार सिंह रमेश कुमार एवं ग्रामीण सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

रेड क्रॉस ने शोकसभा आयोजित कर दिवंगत हाजी मो शफीक खान को दी श्रद्धांजलि

सीतामढ़ी। इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सीतामढ़ी की ओर से रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य, प्रबंध समिति के पूर्व सदस्य, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिज्ञ रहे दिवंगत हाजी मो शफीक खान के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और सामाजिक योगदान को याद किया। रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ महावीर ठाकुर ने दिवंगत हाजी मो शफीक खान के साथ बिताए अपने पुराने संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व अत्यंत सरल, मिलनसार और सेवाभावी था। उनके निधन से सामाजिक एवं मानवीय सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रिक्त हो गया है। रेड क्रॉस के सचिव राजेश कुमार सुन्दरका ने सभा का संचालन करते हुए कहा कि कहा कि हाजी मो शफीक खान केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि वे समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच अपनी अलग पहचान रखने वाले मिलनसार, कर्मठ, संवेदनशील एवं जनसेवा के प्रति समर्पित इंसान थे। रेड क्रॉस एवं मानव सेवा के प्रति समर्पित हाजी मो शफीक खान का जुड़ाव इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी से भी काफी आत्मीय रहा। सभा में उपस्थित उनके सुपुत्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता मो जलालुद्दीन खान ने अपने पिता के साथ रेड क्रॉस के लंबे जुड़ाव और उनके सामाजिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि हाजी मो शफीक खान का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए, उनके पदचिह्नों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा कोषाध्यक्ष राजेश महतो, कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार झा, मो नसीबुर रहमान व संजीव कुमार ने भी सभा को सम्बोधित किया। अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



करवा चौथ पर मुखिया नीतू कुमारी ने पति तरुण कुमार की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

सोनबरसा। सुहाग और दांपत्य प्रेम का प्रतीक पर्व करवा चौथ सोनबरसा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोनबरसा मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष नीतू कुमारी ने अपने पति एवं समाजसेवी तरुण कुमार की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए करवा चौथ का व्रत रखा। नीतू कुमारी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और चांद का दीदार कर व्रत का पारण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं, बल्कि पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी सम्मान का प्रतीक है। वहीं, समाजसेवी तरुण कुमार ने अपनी पत्नी नीतू कुमारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

कृषि विज्ञान केंद्र सीतामढ़ी में पीएम नरेंद्र मोदी का दिखाया गया लाइव प्रसारण

पुपरी। कृषि विज्ञान केंद्र सीतामढ़ी में लाइव प्रसारण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को पीएम नरेंद्र मोदी का बनासकाठा गुजरात से सीधा लाइव प्रसारण को दिखया गया। पीएम द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत 9.34 करोड़ किसानों के बीच कुल 18680 करोड़ रूपये जारी किया गया। कृषि कोष अंतर्गत 521 इकाई राष्ट्र को समर्पित करते हुए 12 हॉर्टिकल्चर कलस्टर का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 12 हॉर्टिकल्चर कलस्टर एवं 521 इफ्रास्ट्रक्चर युवाओं, कृषकों के सतत आमदनी को बढ़ावा और बल मिलेगा। भूमि बचाओ, प्राकृतिक खेती,जैविक खेती जैसे विन्दुओं पीएम ने कहा कि इसके प्रचार प्रसार की काफ़ी जरूरत है।कृषि को बेहतर बनाने के लिए कृषि बजट को पांच गुना से अधिक कर दिया गया है। खेती योग्य भूमि की उर्वराशक्ति बनी रहे। इसके लिए पुरे देश में प्राकृतिक खेती का कलस्टर का निर्माण कराया गया है। अभी तक किसानों को 12 लाख सोलर पम्प दिया जा चुका है। इससे बिजली एवं डीजल के रूप में करोड़ो रूपये कि बचत हो रही है। उन्होंने कहा मिट्टी जांच का अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक 26 करोड़ मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा चूका है। 8 करोड़ किसानों के कुल 150 करोड़ पशुओं में मुफ्त में टीकाकरण कराया जा चूका है। शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएँ चलाई जा रही है। प्रसारण समापन के बाद केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ राम ईश्वर प्रसाद,उद्यान वैज्ञानिक मनोहर पंजीकार,गृह वैज्ञानिक डॉ सलोनी चौहान ने भूमि बचाओ अभियान पर किसानों को विस्तार से जानकारी दिया।



शिक्षित समाज का जनादेश एनडीए के खिलाफ : हरिओम शरण

सीतामढ़ी। पटना शिक्षक एवं दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का ऐतिहासिक चुनाव परिणाम तेजस्वी यादव के कुशल नेतृत्व के साथ ही एटुजेड को साथ लेकर चलने वाली समावेशी राजनीति और उनके स्वीकार्यता पर मुहर है। यह बातें युवा राष्ट्रीय जनता दल के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शरण नारायण ने कही है उन्होंने कहा कि दरभंगा स्नातक क्षेत्र का चुनाव परिणाम घोषित होने से पूर्व ही जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा एवं जदयू के वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई एनडीए के नेताओं ने प्रशासनिक महकमे में चुनाव परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से परिणाम घोषित होने से पहले ही भाजपा के उम्मीदवार सर्वेश कुमार के विजयी होने का अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से बधाई देना शुरू कर दिया जो लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान एवं चुनाव परिणाम के व्यवस्था को ताक पर रखकर मनमर्जी करने के प्रयास का स्पष्ट उदाहरण है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शरण नारायण ने कहा कि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉक्टर संजीव कुमार एवं दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद के ही उम्मीदवार अनिल झा का निर्वाचित घोषित होना शिक्षित एवं प्रबुद्ध वर्गों मे राजद के बढ़ते जनाधार स्वीकार्यता एवं उनके सोच की जीत है। इसके लिए दोनों निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओ के साथ ही बिहार के अन्य छः शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के महागठबंधन एवं राजद के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले शिक्षित प्रबुद्ध वर्गों के प्रति उन्होंने आभार जताया है और मतदाताओं एवं पार्टी के नेताओं को ऐतिहासिक चुनाव परिणाम के लिए बधाई दी है।

स्कूल में सफाई करवाने के विरोध में छात्रों ने किया हंगामा

पुपरी। पुपरी के पाठक टोल स्थित मिडिल स्कूल हरदिया में सफाई करवाने को लेकर कुछ छात्रों ने शोर शराबा किया। इस दौरान छात्रों के अविभावकों ने भी स्कूल के एक शिक्षक का विरोध किया। इसकी शिकायत मिलने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने स्कूल में पहुंचकर मामले का जांच किया है। उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। बीईओ ने बताया कि मात्र दो छात्र सफाई करवाने की बात स्वीकार किया है। बांकी के सारे छात्रों ने शिक्षक पर लगाए गए आरोप को नकारते हुए कहा कि शिक्षक खुद साफ सफाई किया करते हैं।बताते चलें कि शुक्रबार को स्कूल के कुछ छात्रों ने साफ सफाई करवाने का विरोध करते हुए शोर शराबा शुरू कर दिया।छात्रों के करीब एक दर्जन अविभावक भी नाराजगी जताया। छात्रों का कहना था कि स्कूल के एक शिक्षक हम छात्रों को शौचालय व परिसर का सफाई करने का निर्देश देते हैं।वहीं स्कूल के बांकी सारे छात्र छात्राएं,शिक्षकों ने उक्त आरोप और शिकायत को गलत बताया। सभी का कहना था कि जिस शिक्षक पर आरोप लगाए जा रहे वे खुद स्कूल परिसर की साफ सफाई किया करते हैं। आरोप लगाने वाले छात्र पठन पाठन में रुचि नहीं रखते हैं। शिक्षकों ने स्कूल पर एक दवाब बनाने का साजिश बताया है।

वस्तानिया की 25 से 31 जनवरी तक होगी परीक्षा

सीतामढ़ी।बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना की ओर से वस्तानिया (आठवीं) परीक्षा 2027 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा 25 से 31 जनवरी 2027 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी। बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के सचिव अब्दुस सलाम अंसारी ने बताया कि वस्तानिया परीक्षा के लिए विषयवार कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 25 जनवरी को पहली पाली में विज्ञान, 27 जनवरी को पहली पाली में दिनियात और दूसरी पाली में अरबी, 28 जनवरी को पहली पाली में उर्दू और दूसरी पाली में अंग्रेजी, 30 जनवरी को पहली पाली में हिंदी और दूसरी पाली में फारसी तथा 31 जनवरी को पहली पाली में हिसाब और दूसरी पाली में मुताला-ए-तहजीब की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

करवा चौथ पर भारती देवी ने पति की लंबी उम्र की कामना की

सीतामढ़ी। करवा चौथ के पावन अवसर पर भाजपा महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिलाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद भारती देवी ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ व्रत रखा। उन्होंने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से करवा चौथ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति और दांपत्य जीवन की आस्था, प्रेम एवं विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच आपसी प्रेम, समर्पण और पारिवारिक एकता के महत्व को दर्शाता है।



MAHARAJA LOTTERY
30.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	19
09.00	M-Two	38
09.30	M-Three	59
10.00	M-Four	48
10.30	M-Six	79
11.00	M-Eight	73
11.30	M-Nine	05
12.00	M-Ten	14
12.30	M-Eleven	84
01.00	M-Tweleve	85
01.30	M-Fourteen	67
02.00	M-Fifteen	76
02.30	M-Seventeen	65
03.00	M-Eighteen	67
03.30	M-Nineteen	90
04.00	M-Twenty	39
04.30	M-Twenty-one	05
05.00	Mahajara Twenty	34
05.30	Mahajara Twenty one	84
06.00	Mahajara Twenty	24

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :30.10.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	65
09:00	RAJARANI SUBEHA	02
09:30	RAJARANI KIRAN	36
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	76
10:30	RAJARANI PRABHAT	28
11:00	RAJARANI LAJBAB	00
11:30	RAJARANI SAMRAT	03
12:00	RAJARANI DELUX	38
12:30	RAJARANI AFTERNOON	44
01:00	RAJARANI KINGS	80
01:30	RAJARANI ROYAL	87
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	27
02:30	RAJARANI HUNDRED	95
03:00	RAJARANI DIAMOND	85
03:30	RAJARANI SONA	47
04:00	RAJARANI EXPRESS	69
04:30	RAJARANI SPECIAL	05
05:00	RAJARANI SANDHYA	32
05:30	RAJARANI CHANDANI	01
06:00	RAJARANI SHAM	19

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 30.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	60	02.30 p.m.	77
09.30 a.m.	69	03.00 p.m.	31
10.00 a.m.	44	03.30 p.m.	91
10.30 a.m.	39	04.00 p.m	22
11.00 a.m.	66	04.30 p.m.	09
11.30 a.m.	77	05.00 p.m.	20
12.00 noon	09	05.30 p.m.	33
12.30 a.m.	35	06.00 p.m.	22
01.00 p.m.	45	06.30 p.m.	39
01.30 p.m.	74	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	12	Contact for result :	

011-4045 1774, 011-4045 1775

चेतक

09.00 a.m.	81	02.30 p.m.	55
09.30 a.m.	02	03.00 p.m.	23
10.00 a.m.	75	03.30 p.m.	11
10.30 a.m.	24	04.00 p.m.	66
11.00 a.m.	27	04.30 p.m.	45
11.30 a.m.	24	05.00 p.m.	94
12.00 noon	78	05.30 p.m.	61
12.30 a.m.	81	06.00 p.m.	47
01.00 p.m.	70	06.30 p.m.	84
01.30 p.m.	44	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	28	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	00	02.30 p.m.	39
09.30 a.m.	64	03.00 p.m.	99
10.00 a.m.	68	03.30 p.m.	30
10.30 a.m.	81	04.00 p.m.	13
11.00 a.m.	67	04.30 p.m.	17
11.30 a.m.	33	05.00 p.m.	43
12.00 noon	79	05.30 p.m.	50
12.30 a.m.	04	06.00 p.m.	01
01.00 p.m.	49	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	32	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	40	Contact for result :	

011-4045 1993, 011-4045 1994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

30.10.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	23	48	38	90
09:00	62	21	38	79
09:30	42	73	97	92
10:00	95	08	80	22
10:30	52	93	00	61
11:00	24	32	25	12
11:30	02	41	58	88
12:00	30	93	77	79
12:30	57	45	91	06
01:00	91	27	71	17
01:30	26	19	16	44
02:00	59	53	34	11
02:30	95	48	44	41
03:00	82	66	24	66
03:30	71	92	10	49
04:00	22	37	85	41
04:30	74	16	46	76
05:00	80	77	23	72
05:30	77	06	58	50
06:00	65	69	25	26
06:30	99	36	37	89

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	78	MILLENNIUM	2.00 p.m.	63
SUBEHA	9.00 a.m.	97	100	2.30 p.m.	67
KIRAN	9.30 a.m.	38	DIAMOND	3.00 p.m.	83
HINDUSTANI	10.00 a.m.	05	SONA	3.30 p.m.	98
PRABHAT	10.30 a.m.	46	EXPRESS	4.00 p.m.	36
LAJBAB	11.00 a.m.	83	SPECIAL	4.30 p.m.	66
SAMRAT	11.30 a.m.	78	SANDHYA	5.00 p.m.	62
DELUX	12.00 noon	16	CHANDANI	5.30 p.m.	01
AFTERNOON	12.30 a.m.	75	SHAM	6.00 p.m.	85
KING	1.00 p.m.	44	EVENING	6.30 p.m.	51
ROYAL	1.30 p.m.	10	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA
60 FIRST LUCKY WINERS OF FREE BRACELET
70 FIRST LUCKY WINERS OF FREE RING
तारीख - 30-10-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6070	7038	01:45	6098	7074
09:15	6011	7058	02:00	6043	7028
09:30	6059	7056	02:15	6068	7077
09:45	6070	7090	02:30	6014	7077
10:00	6027	7097	02:45	6026	7084
10:15	6068	7006	03:00	6024	7086
10:30	6058	7056	03:15	6009	7092
10:45	6026	7056	03:30	6069	7036
11:00	6053	7087	03:45	6074	7068
11:15	6033	7059	04:00	6008	7075
11:30	6051	7077	04:15	6004	7069
11:45	6049	7081	04:30	6003	7037
12:00	6005	7031	04:45	6067	7090
12:15	6033	7024	05:00	6016	7010
12:30	6061	7099	05:15	6028	7040
12:45	6059	7028	05:30	6058	7005
01:00	6010	7091	05:45	6053	7006
01:15	6072	7086	06:00	6090	7062
01:30	6007	7010			

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजश्री
Date : 30.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	87	02.00 p.m.	28
09.30 a.m.	38	02.30 p.m.	49
10.00 a.m.	08	03.00 p.m.	28
10.30 a.m.	77	03.30 p.m.	55
11.00 a.m.	24	04.00 p.m.	88
11.30 a.m.	86	04.30 p.m.	63
12.00 noon	70	05.00 p.m.	10
12.30 p.m.	47	05.30 p.m.	44
01.00 p.m.	40	06.00 p.m.	95
01.30 p.m.	59	06.30 p.m.	57

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608